**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, संरचना प्रमण्डल, दरभंगा।**

पत्रांक. ................................/ दरभंगा,        दिनांक..................................

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
संरचना प्रमण्डल, दरभंगा ।

सेवा में,

सत्यमेव पावर,
(प्रोपराईटर श्री बैद्यनाथ साहू)
ग्राम + पो0– कहूआ, थाना– बिरौल,
जिला– दरभंगा।

विषयः– **Balance work of Construction Modern Kitchen in Sub-Jail Benipur in Distt. Darbhanga के कार्य की धीमी प्रगति रहने के कारण डिबार करने संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कार्य आपको अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के पत्रांक– 708 अनु0, दिनांक–10.08.2021 के द्वारा आपके उद्धृत दर अनुसूचित दर से 18.51 % प्रतिशत कम दर पर आवंटित हुआ था। जिसके आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–1186/दरभंगा, दिनांक 19.08.2021 के द्वारा कार्य के एकरारनामा करने हेतु अवशेष अग्रधन की राशि एवं Additional Performance Guarantee (अतिरिक्त प्रतिभू) की राशि ₹ 4,14,800.00 (चार लाख चौदह हजार आठ सौ) रूपये मात्र का अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से प्रतिज्ञप्त कराकर एकरारनामा की प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु पत्र दिया गया था। पुनः इस कार्यालय के पत्रांक–265 दिनांक–22.02.2022 के द्वारा आपको कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देश दिया गया था। कार्य प्रारंभ की तिथि–22.02.2022 है तथा कार्य समाप्ति अवधि मात्र 06 (छः) माह है, जिसका 04 माह व्यतीत हो चुका है। स्थल निरीक्षण के क्रम में यह देखा गया कि आपके द्वारा अबतक Plinth Level तक ही कार्य कराया गया है। कार्य में समानुपातिक प्रगति नहीं रहने के कारण आपको अगले सभी निविदा में भाग लेने से वंचित (DEBAR) किया जाता है। अगर आपके द्वारा कार्य में प्रगति नही लाई जायेगी तो आपके निबंधन को काली सूची में डालने की अनुसंशा उच्चाधिकारी से कर दी जाएगी तथा आपके द्वारा जमा E.M.D (अग्रधन) की राशि को जब्त कर ली जाएगी।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि आप अविलंब कार्य में समानुपातिक प्रगति लावें तथा कार्य का एकरारनामा पत्र प्राप्ति के 3 (तीन) दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करें।

इसे अतिआवश्यक समझें।

विश्वासभाजन,
ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
संरचना प्रमण्डल, दरभंगा।

ज्ञापांक ................../दरभंगा,        दिनांक.....................

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, दरभंगा को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
संरचना प्रमण्डल, दरभंगा।

ज्ञापांक 953 /दरभंगा,        दिनांक 21.7.2022

प्रतिलिपि :– आई0 टी0 मैनेजर भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपालोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

21-7-22

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
संरचना प्रमण्डल, दरभंगा।

21/07/22